पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (**U.P. TET**) 2026 के कारण 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' की तिथि में परिवर्तन

लखनऊ : 03 जुलाई, 2026

उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (U.P.TET) 2026 का आयोजन दिनांक 02, 03 एवं 04 जुलाई, 2026 को प्रस्तावित है। 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' स्थगित शासनादेश संख्या–वी0आई0पी0–01/एक–4–2022–11वी–4/12 दिनांक 29.04.2022 के अनुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को तहसील/कलेक्ट्रेट स्तर पर प्रातः 10:00 बजे से 02:00 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाता है।

नई तिथि U.P. TET 2026 परीक्षा दिनांक 04 जुलाई, 2026 दिन शनिवार को प्रस्तावित होने के कारण, उक्त दिन 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन संभव नहीं है। अतः जुलाई माह के लिए 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' अब दिनांक 04 जुलाई, 2026 दिन शनिवार के स्थान पर दिनांक 06 जुलाई, 2026 दिन सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

समस्त संबंधित विभागों, अधिकारियों एवं जनपदों को निर्देशित किया गया है कि वे तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

सम्पर्क सूत्र– शिखा अवस्थी

राम यतन/07:20 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in